# नारायणपुर में आईईडी की चपेट में आकर डीआरजी के दो जवान घायल

**नारायणपुर, ,नप्र।** नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कच्चापाल कैंप से तीन किमी दूर नक्सलियों के लगाए हुए प्रेशर आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट की चपेट में आकर डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) बल के दो जवान-आरक्षक जनक पटेल व आरक्षक घासीराम मांझी घायल हो गए हैं। प्राथमिक उपचार पश्चात दोनों जवानों को जिला अस्पताल नारायणपुर लाया गया। दोनों जवानों की स्थिति खतरे से बाहर है। इसके बाद इन्हें रायपुर रेफर किया गया है। जहां एक प्राइवेट अस्पताल में घायल जवानों का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पुलिस कैम्प कच्चापाल से डीआरजी व बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) के जवान नक्सल सर्चिंग के लिए कच्चापाल-तोके मार्ग में रवाना हुए थे। सुबह लगभग साढ़े आठ बजे ग्राम कच्चापाल से तीन किमी पश्चिम दिशा में यह घटना हुई है।

दंतेवाड़ा के बारसुर थाना क्षेत्र के कौशलनार के जंगलों में नक्सलियों के बिछाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से मादा भालू की मौत हो गई। भूख से तड़पकर भालू के दो शावकों की भी मौत हो गई। दोनों बच्चे मृत हालत में मादा भालू के शव पर पड़े मिले। दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के कोसलनार के जंगल में मंगलवार को यह घटना हुई है। नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्रेशर आईईडी लगाया था, जिसकी चपेट में आने से मादा भालू की मौत हो गई।

अगले दिन भालू के दोनों बच्चे मृत हालत में मादा भालू के शव के ऊपर पड़े मिले। यह मार्मिक दृश्य ग्रामीणों ने देखा। दो दिन पहले भी कोसलनार निवासी एक ग्रामीण युवक की मौत भी इसी तरह आइईडी विस्फोट की चपेट में आने से हो चुकी है।

नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिला का यह सीमावर्ती क्षेत्र अबूझमाड़ में आता है। इस वर्ष अबूझमाड़ में सुरक्षा बल ने 130 से अधिक नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। नक्सलियों को पहुंचे नुकसान के बाद अब जवानों को नुकसान पहुंचाने प्रेशर आईईडी का सहारा ले रहे हैं।






### अब तक हुए हैं सैकड़ों धमाके

नक्सलियों ने दक्षिण-पश्चिम बस्तर में ऐसी हजारों प्रेशर आईईडी जवानों के पैदल निकलने के संभावित रास्तों पर बिछा रखा है, जिनमें हुए विस्फोट के शिकार सिर्फ जवान ही नहीं, बल्कि अब तक कई ग्रामीण और बेजुबान मवेशी भी जान गंवा चुके हैं या अपंग हो गए हैं। बीते पांच वर्ष में ऐसे विस्फोट की 250 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं।

# पत्नी ने कर लिया था मतांतरण, दीवारों पर लिखे शुभ-लाभ मिटाए... परेशान पति ने दे दी जान





**बालोद,,नप्र।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में लगातार मतांतरण के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। लेकिन मतांतरण को लेकर कोई मानसिक प्रताड़ित हो सकता है और आत्मघाती कदम उठा सकता है, ऐसा पहला और बड़ा मामला अर्जुन्दा थाना क्षेत्र से सामने आया है।

अर्जुन्दा नगर के 35 वर्षीय युवक ने घर के कमरे में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवक के इस कदम से परिवार में मातम छा ही गया है, साथ ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार अर्जुन्दा नगर के वार्ड-11 निवासी गजेंद्र उर्फ सूरज देवांगन पिता चंद्रशेखर देवांगन (35वर्ष) ने आत्महत्या कर ली।

### मतांतरण का दबाव बनाते थे ससुराल वाले

युवक के पास से सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है कि उसके पत्नी के साथ संबंध अच्छे नहीं थे।

वह अक्सर लड़ाई झगड़ा कर मायके चली जाती थी। पति-पत्नी के बीच इसाई धर्म में मतांतरण को लेकर झगड़ा होते रहता था। पत्नी के साथ ससुर, सास व साले की पत्नी भी मतांतरण के लिए दबाव बनाते थे। साथ ही प्रताड़ित करते थे।

### युवक के पास मिली बाइबिल

युवक ने पत्नी ने मतांतरण कर हमेशा विवाद कर के मायके चले जाने के मामले में 8 दिसंबर को अर्जुंदा थाने में लिखित शिकायत की थी। बताया यह भी जा रहा है कि पत्नी ने भी पति के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत थाने में की है। घटना स्थल से पुलिस को बाइबिल और युवक की जेब से 18 हजार 890 रुपए मिले है।

### परिवार ने युवक के ससुराल पक्ष पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

जान देने वाले युवक के पिता व परिवार वालों ने बताया कि उसके पत्नी के साथ अच्छे संबंध नहीं थे।

वह बार-बार मायके चली जाती थी। साथ ही ससुराल वाले युवक को बहुत प्रताड़ित करते थे। पुलिस ने धारा 194 के तहत मामला पंजीबद्ध कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद उसे परिजनों को सौप दिया है।

# आधी रात घर में घुस रहे तेंदुए से भिड़ गया पालतू कुत्ता, दूर भगाकर बचा ली मालिकों की जान


**कांकेर,नप्र।** कांकेर शहर के धुर मनकेसरी गांव में सोमवार रात 10 बजे तेंदुआ एक घर में घुस आया, लेकिन पालतू कुत्ते ने डटकर उसका सामने किया और उसे भागने पर मजबूर कर दिया। घटना के दौरान सीसीटीवी कैमरे में तेंदुआ की हरकतें कैद हो गईं। सीसीटीवी फुटेज में तेंदुआ कुत्ते से भिड़ते हुए दिख रहा है और कुत्ते की आवाज भी सुनाई दे रही है।

### तेंदुए से भिड़ गया पालतू डॉगी

रात 10 बजे तेंदुआ ने आबादी वाले इलाके में घर में घुसने की कोशिश की, लेकिन बीच में एक पालतू कुत्ता खड़ा था, जो उसके राह की बाधा बन गया। तेदुए ने कुत्ते का शिकार करने की भी कोशिश की और उसे जबड़े में जकड़ लिया लेकिन फिर भी पालतू कुत्ते ने मुकाबला किया और उसे घर से बाहर खदेड़ा। तेंदुए को देख घबराए हुए लोग घर के बाहर आने से डर रहे थे।

### कई लोगों पर हमला

कांकेर जिले में तेंदुए का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों सरोना वन परिक्षेत्र में तेंदुए ने अब तक छह से अधिक लोगों पर हमला किया है, जिसमें एक बच्चे की मौत की खबर भी सामने आई है। बच्चे का सिर सरोना क्षेत्र के जंगल में मिला था। इसके अलावा, तेंदुआ आंगनबाड़ी जा रही एक बच्ची पर भी हमला कर उसे घायल कर चुका है।



### मवेशियों को बना रहे निशाना

डूमाली गांव की पहाड़ी पर भी पांच तेंदुए सक्रिय हैं, जो मवेशियों पर हमला कर रहे हैं। इन तेंदुओं की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। विभाग ने इन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाते हुए कैमरे और कर्मचारियों की तैनाती की है।

### लोगों ने कार्रवाई की अपील की

कांकेर जिले में तेंदुओं की गतिविधियां बढ़ने से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या पर शीघ्र कार्रवाई की अपील की है, ताकि मानव और जानवरों के बीच टकराव से बचा जा सके। इस घटना ने तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों को लेकर चिंता और बढ़ा दी है।

## काम करके घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हुई मौत

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में गुरुवार की रात काम करके घर लौट रहे एक युवक को अज्ञात ट्रेलर का चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गया घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र की है।

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में गुरुवार की रात काम करके घर लौट रहे एक युवक को अज्ञात ट्रेलर का चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गया घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र की है।

## कंपनियों ने एक सप्ताह में 30 रुपये बढ़ा दिए सीमेंट के दाम, सरिया 2 हजार रुपये महंगा



**रायपुर, एजेंसी।** उत्पादन लागत में बढ़ोतरी और दूसरे प्रदेशों में कीमत ज्यादा होने की बात कहते हुए राज्य में सीमेंट कंपनियों ने फिर से दाम बढ़ा दिए हैं। हफ्तेभर में 30 रुपये प्रति बैग की बढ़ोतरी कर दी है। चिल्हर में सीमेंट 320 से 330 रुपये और होलसेल में 280 से 300 रुपये प्रति बैग है।

बताया जा रहा है कि दाम बढ़ाने के लिए कंपनियों ने कुछ क्षेत्रों में डिस्पैच बंद कर दिया है, ताकि अघोषित कमी पैदा हो सके। इसे लेकर कारोबारी भी निराश हैं। उनका कहना है कि काम नहीं चलने के बाद भी दाम बढ़ाना समझ से परे है।

सरिया भी 2,000 रुपये टन महंगा हो गया। फैक्ट्रियों में सरिया 52,000 रुपये प्रति टन और रिटेल में 54,500 रुपये प्रति टन पहुंच गया।

तीन बार हो चुकी कोशिश

इस वर्ष सीमेंट कंपनियों ने दाम बढ़ाने की तीन बार कोशिश की है और यह चौथी बार है। कारोबारियों का कहना है कि कंपनियां बाजार में बिना डिमांड के ही दाम बढ़ा रही है। अचानक सीमेंट की कीमतों में दाम बढ़ने की वजह आने वाले निकाय चुनाव को भी माना जा रहा है।

## दानी गर्ल्स स्कूल के सामने बन रहे चौपाटी का विरोध, यूथ कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**रायपुर,नप्र।।** युवा कांग्रेस ने रायपुर के बूढ़ा गार्डन में दानी गर्ल्स स्कूल के सामने बन रहे चौपाटी के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया। युवा कांग्रेस ने रायपुर के बूढ़ा गार्डन में दानी गर्ल्स स्कूल के सामने बन रहे चौपाटी के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव और स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड के कांग्रेस नेता अभिषेक कसार ने गुरुवार को बूढ़ा गार्डन में दानी गर्ल्स स्कूल के सामने बन रहे चौपाटी के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसमें वार्डवासियों ने शामिल होकर चौपाटी को हटाने की मांग की।

कसार ने बताया कि दानी गर्ल्स स्कूल के ठीक सामने चौपाटी के बनने से जो जमावड़ा लगेगा, वो स्कूल की छात्राओं की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है। महिलाओं पर लगातार अपराध बढ़ते जा रहे हैं, उन्हें रोकने की कोशिश करने के बजाय भाजपा के गर्ल्स स्कूल जैसे संवेदनशील जगह पर कमीशन के लिए व्यापार लगाना चाहते हैं।

# पूर्व विधायक के पिता पर जानलेवा हमला

### लहूलुहान हालत में अस्पताल में कराया गया भर्ती, आरोपी गिरफ्तार

**बालोद,नप्र।।** बालोद में अहिवारा के पूर्व विधायक राजमहंत सावला राम डाहरे के पिता पर जानलेवा हमला किया गया है। जिसके बाद लहूलुहान हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुलाहिजा और प्राथमिक उपचार के बाद दुर्ग रेफर कर दिया गया। पूर्व विधायक के पिता का इलाज किया जा रहा है। मामले में आरोपी कुलदीप डाहरे पिता नेहरू डाहरे को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आपको बता दें कि पूर्व विधायक के पिता संत बलदेव साहेब के सिर पर गंभीर चोट आई है। पूरा मामला जिले के रनचिराई थाना क्षेत्र के ग्राम मटिया का बताया जा रहा है। रनचिराई थाना अंतर्गत ग्राम मटिया में 18 दिसंबर को अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सावला राम डहरे के पिता 92 वर्षीय संत बलदेव साहेब पर गांव के ही आदतन बदमाश कुलदीप डहरे पिता नेहरू डहरे ने जानलेवा हमला कर दिया।



हमले में संत बलदेव साहेब के सिर पर गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने रनचिरई थाना में लिखित शिकायत की है। रनचिरई थाना प्रभारी उमा ठाकुर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आपको बता दें कि संत बलदेव साहेब कबीर पंथ के साधु ने 2014 में संन्यास ले लिया है ,जो ढाबा कुम्हारी के कबीर आश्रम में रहते हैं। कुछ दिन पूर्व अपने नाती को देखने गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम मटिया पहुंचे थे। थाना प्रभारी ने आरोपी को एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

# बिलासपुर में घर में घुसकर महिला से गैंगरेप

**बिलासपुर, नप्र।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में महिला से गैंगरेप हुआ है। घर में घुसकर दो बदमाशों ने दुष्कर्म किया है। युवक महिला की दुकान में सिगरेट पीने के लिए गए थे। तभी महिला को अकेली देखकर उनकी नीयत बिगड़ गई। घटना दस दिन पहले की है। डरी-सहमी महिला ने अब इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस के मुताबिक जरहाभाठा ओमनगर निवासी धरमलाल सूर्यवंशी (21) और देवराज वर्मा ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश की। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**पहले अकेली देखकर मोबाइल नंबर मांगा**

वारदात से तीन दिन पहले दुकान जाकर धरमलाल ने महिला से उसका मोबाइल नंबर



मांगा था, लेकिन महिला ने नंबर नहीं दिया। इसके बाद आरोपी ने दुकान के बाहर लिखा नंबर देखा और फोन करने लगा। दो दिन तक वो गांव में रहा। फिर वापस लौट गया।

**तीन दिन बाद दोस्त के साथ आया**

महिला ने पुलिस को बताया कि, तीसरे दिन 10 दिसंबर को दोपहर धरमलाल उर्फ निहाल सूर्यवंशी और सरकंडा के मुक्तिधाम के पास रहने वाला देवराज वर्मा (40 साल) उसके घर से लगे दुकान आए थे।

# छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, रायपुर और बस्तर संभाग में बारिश के आसार, छाए हुए हैं बादल

**रायपुर,नप्र।** छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री गिरावट होने के आसार हैं। शुक्रवार और शनिवार को प्रदेश में आकाश आंशिक मेघमय रहने तथा प्रदेश के दक्षिणी व पूर्वी भाग में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। शुक्रवार को बिलासपुर और रायपुर संभाग के पूर्वी जिले, जो ओड़िशा से लगे हुए हैं तथा बस्तर संभाग के जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। 21 दिसंबर को रायगढ़ और उसके आसपास के जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 33.2 डिग्री सुकमा में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री बलरामपुर में दर्ज किया गया।



### इस सिस्टम से बारिश के आसार

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम से सटे पश्चिम-मध्य पर अच्छी तरह से चिह्नित निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ था। एक चक्रीय चक्रवात समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। अगले 12 घंटों के दौरान इस प्रणाली के उत्तर-पश्चिम की ओर उत्तरी तमिलनाडु और दक्षिणी आंध्र प्रदेश तट की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके बाद अगले 24 घंटों में इसके आंध्र प्रदेश तट के साथ लगभग उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है। पश्चिमी हवाओं में एक द्रोणिका के रूप में पश्चिमी विक्षोभ अपनी धुरी के साथ औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है।